**सुविचार**



जय उसी की होती है जो अपने को संकट में डालकर कार्य संपन्न करते हैं। जय कायरों की कभी नहीं होती। - जवाहरलाल नेहरू


**बरेली के प्रमुख समाचार**

- बेड पर मालिक, फर्श पर डॉगी की लाश -II
- छात्रों की समस्याओं को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन - III
- परशुराम शोभायात्रा में उमड़ी आस्था - IV


**न्यूज ब्रीफ**

### बरेली कॉलेज की सुबह की कक्षाएं आज रहेंगी स्थगित

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में इन दिनों विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार को और 28 अप्रैल व 29 अप्रैल को बड़ी परीक्षा होने के कारण बरेली कॉलेज में सुबह की कक्षाएं स्थगित रहेगी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि इन सभी तिथि में विश्वविद्यालय की बड़ी परीक्षा होनी हैं। इस कारण सुबह की 8 से 11 बजे तक लगने वाली कक्षाएं स्थगित रहेगी।

### विद्युत इंजीनियर से मिला नरमू का प्रतिनिधिमंडल

बरेली, अमृत विचार : प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल के इज्जतनगर निरीक्षण के दौरान एनई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला। महामंत्री बसंत चतुर्वेदी ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर के समक्ष रखा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक सहित रोहित सिंह, आराम सिंह, आरके पाण्डेय, प्रदीप शर्मा, राजन कुमार, यशपाल सिंह, मीडिया प्रभारी नरमू आरिफ हुसैन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### 2028 बच्चों को दी गई टीडी और डीपीटी की सुरक्षा

बरेली, अमृत विचार : जनपद को डिप्थीरिया (गलाघोंटू) मुक्त बनाने के लिए सोमवार को पहले दिन स्वास्थ्य टीमों ने 197 विद्यालयों में 2028 बच्चों को डीपीटी और टीडी के टीके लगाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि इटीडी वैक्सीन बच्चों को गलाघोंटू (डिप्थीरिया) और टिटनेस, इन दोनों ही जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि टिटनेस चोट आदि के संक्रमण से होने वाली गंभीर बीमारी है, वहीं गलाघोंटू सांस की नली को अवरुद्ध कर देता है। अभियान की शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मंगलवार को हाई स्कूल के 200 प्रधानाचार्यों के साथ दो बैच में ऑनलाइन मीटिंग आहूत की गई है। इस बैठक में टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों की मैपिंग और आगामी सत्रों की रणनीति पर चर्चा होगी।

---

**जिंगल बेल्स पब्लिक स्कूल के तीन मेधावियों ने पाई परीक्षा में सफलता**

## जेईई मैंस एग्जाम में चमके बरेली के कई होनहार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- यश गौर ने 99.29 के साथ पाई कामयाबी
- और भी छात्र जेईई एडवांस को क्वालीफाई



यश गौर



मंयक सिंह



शुभ गुप्ता।

**अमृत विचारः** नेशनल टेस्टिंग एंजेसी (एनटीए) ने सोमवार देर रात जेईई मेन सत्र-दो का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें बरेली के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

शहर के कई मेधावी स्टूडेंट जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे हैं। जिंगल बेल्स पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने परीक्षा में कामयाबी पाई है। छात्र यश गौर ने 99.29 परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

वहीं मयंक सिंह ने 98.79 परसेंटाइल और शुभ गुप्ता ने 97.19 परसेंटाइल के साथ सफलता अर्जित की। इन छात्रों के प्रदर्शन से विद्यालय और शहर का नाम रोशन हुआ है। सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उनका कहना है कि निरंतर मेहनत और सही रणनीति के साथ पढ़ाई की जाए तो हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

शिक्षकों ने भी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी लगन और अनुशासन का प्रमाण है। प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि उम्मीद जताई कि ये छात्र जेईई एडवांस में भी बेहतर प्रदर्शन कर शहर का गौरव बढ़ाएंगे।

---

## 15 से अधिक ट्रेनें लेट, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- मालगाड़ियां कर रहीं ट्रेनों को प्रभावित, गर्मी में सफर मुश्किल

**अमृत विचार :** सोमवार को दिल्ली और देहरादून की ओर से आने वाली और बरेली होकर गुजरने वाली 15 से अधिक ट्रेनें निर्धारित समय से काफी विलंब से रहीं। इस गर्मी में यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

बता दें कि दिल्ली-लखनऊ मुख्य रेल लाइन पर यातायात का अत्यधिक दबाव ट्रेनों के समय पर संचालन में बाधा उत्पन्न कर रहा है जिसके कारण समस्याएं हो रही हैं। उधर इस मार्ग पर प्रतिदिन औसतन 20 से 30 मालगाड़ियों का परिचालन होता है, जो यात्री ट्रेनों के समय को प्रभावित करता है। मुरादाबाद-बरेली और शाहजहांपुर-लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण रेल खंडों पर चल रहे रेल ब्लॉकों के कारण भी ट्रेनों को देरी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम को देखते हुए, 175 नियमित ट्रेनों के अलावा 56 से अधिक समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। कुछ समर स्पेशल ट्रेनों का समय नियमित ट्रेनों के समय से टकरा रहा है, जिससे व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। ट्रेनों के विलंब के कारण यात्रियों को स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ा। कई यात्रियों की आगे की यात्राएं भी प्रभावित हुईं, क्योंकि वे अपने गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच सके।

---

# जनगणना ट्रेनिंग में कहीं नाश्ता-खाना खूब, तो कहीं पानी के भी लाले, कर्मचारियों में नाराजगी

**कर्मचारियों के प्रशिक्षण में पहले दिन हावी रहीं अव्यवस्थाएं, ट्रेनिंग सेंटर छोड़कर चले गए तमाम कर्मचारी**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मौलाना आजाद इंटर कालेज में अव्यवस्थाओं को लेकर रोष जाहिर करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- जीजीआईसी में सब दुरुस्त, मौलाना आजाद में हाल-बेहाल

"जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 मई तक जारी रहेगा। लखनऊ निदेशालय से आए नोडल अधिकारी और फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण में बारीकियां सिखा रहे हैं। जो भी प्रगणक या सुपरवाइजर बिना पूर्व अनुमति के इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण से अनुपस्थित पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। – संतोष कुमार सिंह, जिला जनगणना अधिकारी

**अमृत विचारः** जनगणना-2027 की ट्रेनिंग आज से शुरू तो हुई मगर भारी गर्मी में कर्मचारियों को अव्यवस्थाएं भी झेलनी पड़ीं। जीजीआईसी केंद्र पर जिला जनगणना अधिकारी संतोष कुमार सिंह मौजूद थे, नाश्ता-खाना व पानी के इंतजाम बेहतर दिखे मगर मौलाना आजाद कालेज केन्द्र पर पानी के भी लाले पड़ गए। प्यास-भूख से परेशान कई कर्मचारी तो गुस्से में वहां से समय पूर्व ही निकल गए।

बताया गया है कि मौलाना आजाद केन्द्र की स्थिति यह थी कि सुबह नौ बजे जब कर्मचारी पहुंचे, तो कमरों में झाड़ू तक नहीं लगी थी। विरोध पर सफाई शुरू हुई, तो उड़ते धूल के गुबार ने कर्मचारियों को परेशान करके रख दिया। कक्षाओं में बेंचों पर जमी गंदगी और बदइंतजामी के बीच कर्मचारियों को घंटों बैठने पर मजबूर होना पड़ा। प्रशिक्षण सुबह 9:30 बजे शुरू होना था, लेकिन 11 बजे तक कोई भी कार्य शुरू नहीं हो सका। साढ़े ग्यारह बजे जब जैसे-तैसे सत्र शुरू हुआ, तो तकनीकी खामियों ने रास्ता रोक लिया और कई कमरों में प्रोजेक्टर ही नहीं चल पाए। सबसे ज्यादा बदहाली खान-पान को लेकर रही। नियत समय पर मिलने वाला सुबह का नाश्ता और चाय गायब रही, यहां तक कि पीने के साफ पानी के लिए भी कर्मचारियों को हंगामा करना पड़ा। शोर-शराबे के बाद प्रशासन ने वाटर कूलर तो मंगाए, लेकिन भूख का कोई समाधान नहीं निकला। दोपहर एक बजे के लंच के बजाय खाने के पैकेट ढाई बजे के बाद पहुंचे, जिससे अधिकांश प्रगणक भूख से बेहाल हो गए। भोजन और पानी की बुनियादी सुविधाओं के अभाव में कर्मचारियों का धैर्य जवाब दे गया। प्रशिक्षण के नाम पर हुई इस खानापूरी का नतीजा यह रहा कि कर्मचारी दोपहर साढ़े तीन बजे तक ही केंद्र छोड़कर चले गए। कर्मचारियों का कहना था कि जहां एक ओर प्रशासन जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूरी सटीकता से करने का दावा कर रहा है, वहीं मौलाना आजाद कॉलेज ने प्रशिक्षण के नाम पर केवल खानापूरी की गई।

### कई कक्षों में लगाए प्रोजेक्टर भी नहीं चले

मौलाना आजाद कॉलेज के कई कक्षों में लगाए प्रोजेक्टर न चलने पर प्रगणकों को व्यावहारिक जानकारी देने का उद्देश्य ही अधूरा रह गया। बिना विजुअल प्रेजेंटेशन के अधिकारियों को व्याख्यान देने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। कर्मचारियों का कहना था कि जब सरकार के पास संसाधनों की कमी थी या कॉलेज प्रबंधन तैयार नहीं था, तो यहां केंद्र ही क्यों बनाया गया। साफ कहा कि तकनीकी खामी और भूख के बीच हुई इस ट्रेनिंग ने मनोबल को पहले ही दिन गिरा दिया।



मौलाना आजाद इंटर कालेज में प्रशिक्षण कार्यशाला शुरु होने का इंतजार करते कर्मचारी।

---

## खुलासाः सड़क कब्जा कर खड़े किए आलीशन भवन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कोहाड़ापीर से नैनीताल मार्ग पर 'पास' नक्शे वाले भवनों पर भी लटकी तलवार
- आज की बैठक पर टिकी निगाहें, बीडीए के बेचे हुए प्लॉट भी आए सड़क की जद में
- 1920 के शहरी रिकार्ड और 1936 के मानचित्रों से खुली अवैध निर्माण की परतें

**अमृत विचारः** सीएम ग्रिड योजना के तहत कोहाड़ापीर से जीआरएम स्कूल तक सड़क चौड़ीकरण ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। अतिक्रमण की गुत्थी सुलझाने के लिए जब नगर निगम ने 1920 के शहरी रिकॉर्ड और 1936 के राजस्व मानचित्रों के पन्ने पलटे, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। दशकों पुराने इन दस्तावेजों से मिलान करने पर पता चला कि वर्तमान में सड़क पर खड़ी कई आलीशान इमारतें और दुकानें असल में सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाई गई हैं।

अधिकारियों के मुताबिक सर्वे में सबसे हैरान करने वाली बात यह निकलकर सामने आई है कि जीआरएम के सामने बीडीए से विधिवत नक्शा पास करा चुके भवन भी अवैध निर्माण की जद में हैं। कई भवनों का निर्माण स्वीकृत मानचित्र के दायरे से बाहर सड़क क्षेत्र तक फैल गया है।

इतना ही नहीं, विकास प्राधिकरण की ओर से खुद बेचे गए कुछ प्लॉट और दुकानों के हिस्से भी पुराने रिकॉर्ड के आधार पर अतिक्रमण की श्रेणी में पाए गए हैं, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, इस विसंगति ने प्रशासन और संपत्ति स्वामियों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है।

इस प्रोजेक्ट में जीआरएम स्कूल का हिस्सा भी बाधा बना हुआ है। इसको लेकर सभी की निगाहें आज यानी मंगलवार शाम चार बजे होनी वाली बैठक पर टिकी हैं। यह बैठक अपर नगर आयुक्त कार्यालय में बुलाई गई है। इस बैठक में तय होगा कि शहर के विकास के लिए सड़क को चौड़ा करने और मौजूदा निर्माणों के बीच कैसे तालमेल बिठाया जाए, ताकि सीएम ग्रिड योजना परवान चढ़ सके।

अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार राठी के अनुसार, सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को साक्ष्यों और रिकॉर्ड के साथ तलब किया गया है। इस बैठक में तय होगा कि अवैध निर्माण को ढहाने के लिए बुलडोजर कब चलेगा और प्रोजेक्ट को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए क्या रणनीति अपनाई जाएगी।

---

## शहर पर चार चांद लगाएगा नगर वन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



भूमि पूजन करते वन मंत्री डा. अरुण कुमार।

- सीबीगंज के जंगल में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया शिलान्यास और भूमि पूजन

**अमृत विचारः** लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य का अहसास कराने के लिए सीबीगंज वन क्षेत्र में ''नगर वन'' की स्थापना की जाएगी। सोमवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने भूमि पूजन और शिलान्यास कर इस महत्वाकांक्षी परियोजना का आगाज किया।

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए वनस्पति ज्ञान और वनों के प्रति सम्मान बढ़ाने का एक जीवंत केंद्र बनेगा। विकास कार्य के दौरान एक भी पेड़ को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। न ही कंक्रीट का कोई पक्का ढांचा तैयार होगा। डीएफओ दीक्षा भण्डारी ने कहा कि नगर वन का विकास पूर्ण तरीके से इको-फ्रेंडली होगा। प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचाया जाएगा। परियोजना के तहत पर्यटकों और पर्यावरण प्रेमियों के लिए इन्टरवेशन सेंटर, वेटलैंड का विकास और ट्री हाउस जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्य वन संरक्षक पीपी. सिंह ने क्षेत्र की दुर्लभ जैव विविधता पर बताया कि यहां ''ग्लाइकोमिस पेन्टाफैला'' (जिनबेरी) जैसे औषधीय वृक्ष हैं, जो मधुमेह के उपचार में सहायक होते हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी ने बताया कि यह क्षेत्र पक्षियों और सर्पों की विभिन्न प्रजातियों का सुरक्षित प्राकृतिक आवास है।

### अवैध होर्डिंग्स और बैनर हटाए गए

**बरेली, अमृत विचारः** निगम की टीम ने ईंट पजाया चौराहे से मैकेनिक रोड होते हुए प्रभात नगर गेट तक खंभों और पेड़ों पर अवैध रूप से लटकाए गए दर्जनों होर्डिंग और बैनरों को उतारकर जब्त कर लिया गया।

विज्ञापन प्रभारी राजीव राठी ने बतायाा कि अभियान के दौरान स्कूलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और राजनीतिक दलों से जुड़ी भारी मात्रा में प्रचार सामग्री हटाई गई है। ये होर्डिंग न केवल शहर के सौंदर्यीकरण में बाधक बन रहे थे, बल्कि बिजली के खंभों पर लटके होने के कारण तकनीकी फाल्ट और दुर्घटनाओं का सबब भी बन सकते थे। चेतावनी दी कि बिना अनुमति विज्ञापन लगाने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

---

## अफसरों ने चाहा तो मिनटों में निपटे पेंशन केस

कार्यालय संवाददाता, बरेली



शिविर में मौजूद समाज कल्याण अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

- जिले के सात ब्लाकों में आयोजित कैंप में 386 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा
- 158 लाभार्थियों की एनपीसीआई और 92 की आधार संबंधी रुकावटें हुई खत्म

**अमृत विचार।** जिले के सात विकास खंडों में सोमवार को वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन धारकों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर फरीदपुर, भुता, क्यारा, रामनगर, मझगवां, मीरगंज और नवाबगंज ब्लॉकों में आयोजित इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य पेंशन से वंचित पात्रों की बाधाओं को दूर करना था।

समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित शिविरों में लाभार्थियों की सबसे बड़ी समस्या एनपीसीआई मैपिंग और आधार प्रमाणीकरण को लेकर सामने आई। आंकड़ों के मुताबिक, विभिन्न ब्लॉकों से कुल 386 लाभार्थी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें 158 मामले एनपीसीआई अपडेट और 92 मामले आधार प्रमाणीकरण से संबंधित थे। अधिकारियों ने इन सभी मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया। पेंशन न आने से परेशान तमाम बुजुर्गों ने समाधान होने पर राहत महसूस की।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुंधाशु शेखर और जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने क्यारा और भुता ब्लॉक में लगे शिविर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पेंशन संबंधी किसी भी समस्या को स्थानीय स्तर पर ही निपटाएं ताकि लाभार्थियों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

---

## बेसिक से लेकर सीबीएसई स्कूलों का समय बदला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गर्मी में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों का समय सुबह 7:30 बजे से 12 किया गया

**अमृत विचारः** लू के प्रकोप के चलते छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। सभी स्कूलों में सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक शिक्षण कार्य होगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने लू-प्रकोप (हीट वेव) के चलते छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई व अन्य बोर्डों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों का समय प्रातः 07:30 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक किये जाने के आदेश दिये हैं। शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की तरफ से भेजे गए आदेश में कहा गया है कि शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में 7:30 से लेकर दोपहर 1:30 तक शैक्षिणिक, प्रशासकीय एवं अन्य काम करेंगे। बीएसए डॉ. विनीता ने कहा कि सभी स्कूलों में छात्रों के लिए छाया और स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए।


स्कूलों में आरओ वाटर की व्यवस्था, कक्षाओं में पंखे और कूलर की उपलब्धता तथा मिड-डे मील की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। बता दें कि जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। अभी से पारा 40 के पार जाता दिखाई दे रहा है।

---

**पहल** | **हरियाली के बीच दीवारों पर नजर आएगी स्मार्ट सिटी की समृद्ध संस्कति व गौरवमयी इतिहास की झलक**

# सर्किट हाउस ग्रीन वे बनेगा नाथ नगरी के इतिहास का आइना

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सर्किट हाउस रोड के सौंदर्यीकरण पर करोडों रुपये खर्च होंगे।

- पांच करोड़ से संवरेगा सवा किलोमीटर सड़क का हिस्सा
- रात में रोशनी से नहाएगी ग्रीन सर्किट हाउस हाउस रोड

**अमृत विचारः** कंकरीट का जंगल बनते अपने शहर में कैंट से लगा एक हिस्सा अभी भी अपनी मोहक हरियाली से सुकून देता नजर आता है। उसी सुखद एहसास को और भी ज्यादा अविस्मरणीय बनाने की दिशा में नगर निगम जरूरी कदम आगे बढ़ा रहा है। ग्रीन वे नाम से पहचानी जाने वाली सर्किट हाउस रोड के सौंदर्यीकरण के लिए पांच करोड़ खर्च करने की तैयारी है। सवा किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर दीवारों को कुछ इस तरह सजाया-संवारा जाएगा कि गुजरने वाले मेहमान स्मार्ट सिटी की विशिष्टता, समृद्ध संस्कृति और इतिहास से रूबरू हो सकें। परियोजना पर लगभग पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे।

ग्रीन-वे की सबसे बड़ी खासियत इसकी दीवारें होंगी। नगर निगम यहां ''म्यूरल आर्ट'' का सहारा लेगा जिसके माध्यम से शहर की कला, स्थानीय उद्योग, ऐतिहासिक शख्सियतों और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया जाएगा। इसके साथ ही, रात के समय इस मार्ग को भव्य लुक देने के लिए आधुनिक हेरिटेज स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी। ये लाइटें न केवल अपनी बनावट से मार्ग की सुंदरता बढ़ाएंगी, बल्कि इनमें लगे उच्च क्षमता के एलईडी बल्ब रात के अंधेरे में दृश्यता को कई गुना बढ़ाकर सफर को सुरक्षित और सुखद बनाएंगे। अधिकारियों के अनुसार, इस पूरे प्रोजेक्ट को स्वच्छता और हरियाली के संदेश के साथ जोड़ा गया है। मार्ग के दोनों ओर की पटरियों पर सघन वृक्षारोपण भी किया जाएगा। यह मार्ग न केवल स्वच्छ भारत अभियान का मॉडल बनेगा, बल्कि बरेली की नई पहचान के रूप में भी उभरेगा। एक्सईएन राजीव राठी का कहना है कि जल्द ही इस कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### क्यूआर कोड से बयां होगा अतीत-वर्तमान

ग्रीन-वे मार्ग केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे स्मार्ट बनाने की भी तैयारी है। नगर निगम इस मार्ग पर जगह-जगह क्यूआर कोड आधारित सूचना पट्ट लगाने पर विचार कर रहा है। राहगीर इन कोड्स को स्कैन कर दीवारों पर उकेरी गई पेंटिंग्स और बरेली की ऐतिहासिक इमारतों के बारे में विस्तृत जानकारी अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा के मद्देनजर पूरे सवा किलोमीटर के स्ट्रेच को हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा, ताकि रात में वीवीआईपी मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य रहे।

### पर्यावरण संरक्षण पर रहेगा पूरा फोकस

ग्रीन वे प्रोजेक्ट के तहत पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री को प्राथमिकता दी जाएगी। मार्ग की पटरियों पर ''परमीएबल पेवर्स'' यानी छिद्रयुक्त इंटरलॉकिंग टाइल्स का उपयोग किया जाएगा। इन टाइल्स की खासियत यह है कि ये बारिश के पानी को जमीन के भीतर सोख लेती हैं, जिससे जलभराव नहीं होता और भूजल स्तर बना रहता है। साथ ही, यहां लगाए जाने वाले पौधों के चयन में स्थानीय जलवायु का ध्यान रखा गया है। इसमें विशेष रूप से हवा को शुद्ध करने वाले और कम पानी में पनपने वाले पौधों की कतारें लगाई जाएंगी, जो साल भर इसको हरा-भरा रखेंगी।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडोल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# गोशाला में भूखे तड़प रहे बेजुबान, कई को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मधुनगला गोशाला में खामियां मिलने पर नोडल अधिकारी भी लपेटे में आए**
- **सीडीओ बोलीं-संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो कराई जाएगी एफआईआर**

**अमृत विचार :** नवाबगंज की मधुनगला गोशाला में सेवा और संरक्षण के नाम पर सरकारी बजट ठिकाने लगाने का खेल उजागर हुआ है। सीडीओ देवयानी के निर्देश पर जब डीडीओ दिनेश यादव ने यहां निरीक्षण किया तो मानकों के अनुसार मिलने वाले हरे चारे, भूसे और चोकर का दाना कहीं नजर नहीं आया। गाय इस कदर कमजोर मिलीं की उनकी हड्डियों का ढांचा दिखाई दे रहा था।

इसी गोशाला में अगस्त में गोवंश की मौत के बाद एक ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित किया गया था, लेकिन लापरवाह तंत्र पर इसका रत्ती भर भी असर नहीं पड़ा। सीडीओ ने अब लापरवाही पर बीडीओ, सचिव, एडीओ पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी और ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस थमाया है। इतना ही नहीं, अपनी जिम्मेदारी से आंखें मूंदकर बैठे नोडल अधिकारी को भी लपेटे में लिया गया है। सीडीओ देवयानी ने कहा कि गोवंश संरक्षण में जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी, अगर स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं मिला, तो केवल कागजी कार्रवाई नहीं बल्कि सीधे बर्खास्तगी और दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# भद्दी पोस्ट पर सलाखों में पहुंचा पुलिस का लाड़ला 420

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पुलिसकर्मियों के साथ आरोपी का वायरल फोटो। ● अमृत विचार



पुलिस की वर्दी में हसन खान।

- **दूसरे समुदाय की महिलाओं पर हसन ने किए गलत कमेंट**
- **हिन्दू संगठनों की शिकायत पर अफसरों ने लिया संज्ञान**

> फर्जी तरीके से पुलिस की वर्दी पहनकर खुद को सिपाही बताने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है। उस पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
> **-पंकज श्रीवास्तव,** सीओ

**अमृत विचार :** हिन्दू संगठनों की शिकायत और अफसरों की सख्ती के बाद थाना इज्जतनगर क्षेत्र में ऐसा जालसाज बेनकाब हुआ है, जो थाने से चौकी तक वर्दीवालों से यारी रखता था और फर्जी वर्दी पहनकर जनता पर धोंस जमाता था। एक दिन रात के पहले शातिर दिमाम हसन खान ने शादी में डांस कर रहीं दूसरे समुदाय की महिलाओं पर गलत टिप्पणियां की थीं और वीडियो वायरल किया था। हिन्दूवादी गुस्से में और अफसर सकते में आए तो ''लाड़ले 420'' से दोस्ती गांठने वाली चौकी पुलिस को ही उसे सलाखों के पीछे पहुंचाना पड़ा।

बताया गया है कि आरोपी हसन खान थाना इज्जतनगर की बैरियर-1 चौकी क्षेत्र में स्थित कंजादास गांव का रहने वाला है। सुबह से लेकर रात तक वह इलाके की चौकी पर जमा दिखता था। दरोगा-सिपाहियों से उसने ऐसी करीबियां बना रखी थीं कि अंजान लोग उसे भी पुलिसवाला समझते थे। चर्चा है कि कई बार तो सिपाहियों के साथ आते-जाते हसन खुद को एसओजी का सदस्य कहता सुना जाता था। हसन और चौकीवालों की सेटिंग का खेल न जाने कब से ऐसे ही चल रहा था मगर एक गलती से भांडा फूट गया।

पुलिस कृपा होने की वजह से हसन इतना बेखौफ था कि रविवार रात उसने बैंडबाजे की धुनों पर डांस कर रही दूसरे समुदाय की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां कर डालीं। कार चलाते हुए वह वीडियो भी बनाता रहा और ऊलजलूल अपमानजनक बातें भी बोलता रहा। सामने एक दरोगा दिखे तो उनसे यारों जैसा व्यवहार कर वहां से निकल गया। बाद में उसके मोबाइल से बना वीडियो वायरल हुआ तो हिन्दू संगठनों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। जिले में हिन्दू जागरण मंच की यूथ टीम के मुखिया हिमांशु पटेल ने एक्स के जरिए शासन-प्रशासन तक वायरल वीडियो पहुंचाकर कार्रवाई की मांग उठा दी। हिन्दूवादियों की शिकायत ने तुरंत असर दिखाया। अफसरों ने मामले की गंभीरता भांपते हुए तुरंत कड़क एक्शन के निर्देश जारी कर दिए। इसके बाद तो हसन से दोस्ती गांठने वाली चौकी पुलिस भागती नजर आई। आनन-फानन में पुलिस टीम ने आरोपी हसन को खोजकर थाने पहुंचा दिया। आगे का काम थाने वालों ने किया और उसे कानूनी शिकंजा कस दिया। उसके खिलाफ गरिमा को ठेस पहुंचाने और फर्जी तरीके से वर्दी पहनकर लोकसेवक बताने के मामले में केस दर्ज किया गया है।

# बेड पर मालिक, फर्श पर डॉगी की लाश

## किराए के घर में निखिल अरोड़ा की रहस्यमय हालत में मौत, तलाशी में मिली सल्फास

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मौके पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में कमरे के अंदर डॉगी और उसके मालिक के शव बंद कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक निखिल अरोड़ा (33 ) अविवाहित थे और डेलापीर के पास एक मकान में किराए पर रहते थे। कमरे में सल्फास की गोलियां पुलिस मामला सुसाइड से जोड़कर देख रही है। हालांकि, जांच सभी पहलुओं पर की जा रही है।

इंस्पेक्टर इज्जतनगर ने बताया कि शाम करीब 56 बजे एकता नगर में रहने वाले धीरज और चंदन ने सूचना दी थी कि रिश्तेदार निखिल अरोड़ा का पता नहीं लग रहा है। धीरज के अनुसार, निखिल उनकी मौसी का बेटा था और अकेला ही किराए के मकान में रहता था। सुबह शाम भोजन करने वह धीरज के घर आता था, लेकिन आज नहीं पहुंचा तो शक हुआ। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था। जब वे लोग उसके किराए के घर पर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उन्होंने पुलिस को खबर की। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

टीम ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो कमरे में निखिल अरोड़ा का बेजान शरीर बेड पर मिला। साथ रहने वाले पालतू कुत्ता फर्श पर मृत हालत में पड़ा था। तलाशी में कमरे के अंदर सल्फास बरामद हुई है। इसे देखते हुए पुलिस मामला आत्महत्या मान रही है। फील्ड यूनिट ने कमरे से जरूरी साक्ष्य जुटाकर जांच को भेज दिए हैं। थाना प्रभारी सुरेश कुमार गौतम ने बताया कि हालात सुसाइड की ओर इशारा कर रहे हैं, लेकिन जांच सभी पहलुओं पर की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं।

### सीबीगंज में किसान ने खेत पर लगाई फांसी

**संवाददाता,** सीबीगंज क्षेत्र के गांव बोहित में एक किसान ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर दी। खेतों पर गए लोगों ने शव पेड़ से लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी। सुसाइड का कारण परिवार भी नहीं बता सका है। पुलिस के अनुसार, सीबीगंज के गांव वोहित में सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे गांव निवासी नरेंद्र कुमार गंगवार (32 )पुत्र छेदा लाल घर से अपने खेत में गेहूं की फसल काटने को निकले थे। इसी दौरान उन्होंने खेत में खड़े पापुलर के पेड़ की टहनी पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। आसपास खेत पर काम करने निकले अन्य लोगों ने जब उन्हें फंदे पर लटकता देखा तो घटना की सूचना घरवालों को दी। सूचना पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे, घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ममता देवी ने किसी भी कहासुनी होने से इंकार किया है।

# एक दिन में चार जगह आग, दौड़ती रहीं दमकल गाड़ियां

**बरेली, अमृत विचार:** सोमवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आग लगने की चार घटनाएं सामने आईं। हालांकि फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से सभी जगहों पर समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। सभी घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।पहली घटना दोपहर प्रेमनगर थाना क्षेत्र के जनकपुरी डीडीपुरम में हुई, जहां एक खाली प्लॉट में अचानक आग लग गई। सूचना पर सिविल लाइंस फायर स्टेशन से पहुंची टीम ने मोटर फायर इंजन की मदद से आग बुझा दी। दूसरी घटना प्रेमनगर क्षेत्र में ही एमबी इंटर कॉलेज के पास स्थित पतंजलि स्टोर के गेट पर बने मंदिर के ऊपर लगी फाइबर टीनशेड में आग लगने की रही। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया। तीसरी घटना बारादरी थाना क्षेत्र में मालियों की पुलिया के पास खाली प्लॉट में कूड़े के ढेर में आग लगने की थी।

# लेखपाल ने घूस न मिलने पर बढ़ा दी महिला की आय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जेल में बंद चल रहा महिला का पति, बच्चों के स्कूल एडमिशन को चाहिए था प्रमाण पत्र**
- **डीएम ने तहसीलदार सदर को सौंपी जांच, लेखपाल की रिपोर्ट का होगा मिलान**

**अमृत विचार:** सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार की जड़ें किस कदर गहरी हैं, इसका ताजा मामला सामने आया है।

रजपुरा माफी निवासी माया देवी ने डीएम से शिकायत की कि आय प्रमाण पत्र की रिपोर्ट लगाने के बदले पांच सौ रुपये रिश्वत न दे सकने पर लेखपाल ने उनकी सालाना आय को बढ़ाकर रिपोर्ट लगा दी, जिससे उनके बच्चों के स्कूल प्रवेश में संकट खड़ा हो गया है। डीएम ने तहसीलदार को इसकी जांच दी है।

माया देवी ने बताया कि उनके पति डेढ़ साल से जेल में बंद हैं और वह बड़ी मुश्किल से अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। बच्चों के स्कूल में दाखिले के लिए उन्हें आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी, जिसके लिए उन्होंने 4 फरवरी 2026 को ऑनलाइन आवेदन किया था। लेखपाल को रिश्वत नहीं दे पाई तो उसकी सालाना आय 54 हजार दर्शा दी, जबकि पिछले वर्ष जारी प्रमाण पत्र में उनकी आय मात्र 44 हजार रुपये थी।

बिना किसी आय के स्रोत के एक साल में 10,000 की बढ़ोतरी ने लेखपाल की कार्यप्रणाली को संदिग्ध बना दिया है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को जांच करने के साथ ही संबंधित लेखपाल की रिपोर्ट के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मामले को लेकर स्पष्ट कहा है कि लेखपाल अगर जांच दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त में जमानत खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली:** चोरी के वाहनों के चेसिस नंबर बदलकर और फर्जी आरटीओ कागजात तैयार कर बेचने वाले संगठित गैंग के सदस्य इम्तियाज अली की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है।

त्वरित न्यायालय कोर्ट-1 के न्यायाधीश राघवेन्द्र मणि ने मामले को समाज के लिए घातक मानते हुए आरोपी को राहत देने से मना कर दिया। हाफिजगंज पुलिस ने मई 2024 में भट्टा तिराहे से एक गिरोह पकड़ा था, जो चोरी के तीन ट्रकों को फर्जी रजिस्ट्रेशन और इंश्योरेंस के आधार पर बेचने की फिराक में था। जांच में खुलासा हुआ कि इम्तियाज अली और उसके साथी आरटीओ दलालों की मदद से चोरी की गाड़ियों की कूट-रचना करते थे और उन्हें असली दिखाकर ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध लाभ कमाते थे।

# मुकदमे के खिलाफ हिन्दू संगठनों का विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जांच की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे संगठनों के कार्यकर्ता**
- **सीबीगंज पुलिस पर लगाए झूठा केस दर्ज करने के आरोप**

**अमृत विचार :** आईटीआर कालोनी प्रकरण में हिन्दू संगठनों ने सोमवार को पुलिस के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए एसएसपी दफ्तर पहुंचे हिन्दूवादियों का आरोप था कि पुलिस ने पदाधिकारियों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज की है। मामले से जुड़े फोटो-वीडियो के साक्ष्य के आधार पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने थाना इज्जतनगर में तैनात रहे दरोगा जावेद अली और एक पुलिस अफसर पर पद के दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि 16 अप्रैल को सब इंस्पेक्टर जावेद अली अपने आईटीआर स्थित अपने आवास में मौजूद थे। आवास में कथित रूप से अनैतिक गतिविधियों होनरे की सूचना मिलने के बाद पदाधिकारियों ने डायल 112 को सूचना देकर पुलिस मौके पर बुलाई थी। इसके सभी साक्ष्य मौजूद हैं। कथित रूप से आवास में महिला मौजूद थी, जिसे वहां से गायब कर दिया गया और बाद में पदाधिकारियों पर गलत आरोप लगाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। डायल 112 पीआरवी की ओर से किसी प्रकार की मारपीट या अभद्रता की बात नहीं बताई गई है। जांच के दौरान एक अफसर ने पदाधिकारियों से अभद्रता की भी की और समझौते को दबाव बनाया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

# मृत जमानती मामले में बाबू से पक्ष तलब

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार:** मृतक को बतौर जमानती अदालत में पेश किये जाने के मामले में वादी शारिक अब्बासी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार दुबे के समक्ष तत्कालीन लिपिक व अन्य आदि के विरुद्व रिपोर्ट दर्ज कराये जाने को अर्जी दी थी। कोर्ट ने तत्कालीन एसीजेएम प्रथम कार्यालय लिपिक राजकुमार से लिखित अथवा मौखिक पक्ष 23 अप्रैल को तलब किया है। अब्बासी ने अर्जी देकर कहा था कि बारादरी में 2023 में मारपीट, अपमानित करने, धमकी देने की धाराओं में नजीबुउर्रहमान, शमशाद हुसैन, रईस मियां व इदरीश मियां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मुल्जिमों ने 23 अक्टूबर 2024 को एसीजेएम प्रथम कोर्ट में जमानत करायी। अभियुक्त शमशाद हुसैन ने एक जमानती अनीस अहमद पेश किया था जिसे अदालत ने मंजूर किया जबकि उसकी मृत्यु 27 जून 2023 को हो चुकी है।

# साइबर फ्रॉड: फेसबुक पर मोटी कमाई के चक्कर में 20 लाख गंवा बैठा युवक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- **साइबर अपराधियों ने दिया था निवेश से मुनाफे का लालच**
- **पीड़ित अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करता रहा रकम**
- **ठगी का अहसास होने पर साइबर थाने में दर्ज कराया केस**

**अमृत विचार:** साइबर अपराधी ठगी के नए-नए फंडे इस्तेमाल कर रहे हैं और लोग लालच में अपनी मेहनत की गंवाई गंवा रहे हैं। थाना कैंट क्षेत्र के रहने वाला एक युवक फेसबुक के जरिए मोटी कमाई के लालच में फंस गया। निवेश के नाम ठगों ने उससे 20 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा करा लिए। धोखेबाजी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार, मोहनपुर नकटिया निवासी लवकुश ने बताया कि कुछ समय पहले उसने फेसबुक पर पैसे बढ़ाने से संबंधित एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए लिंक पर क्लिक किया तो ठगों के संपर्क में आ गया। ठगों ने उसे बेहतर मुनाफे का लालच देकर निवेश करने को कहा था। शुरू में ठगों ने उसे पैसे का रिटर्न दिया, जिससे उन पर विश्वास बढ़ गया। इसके बाद उसने अलग-अलग बैंक खातों बीओबी, एसबीआई और फेडरल बैंक के माध्यम से कुल करीब 20 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित ने जब रकम निकालने की कोशिश की तो कुछ मिला। पैसे वापस मांगने पर ठगों उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। फेसबुक पर दिया गया विज्ञापन भी हटा दिया। लवकुश ने साइबर थाने में शिकायत की। केस दर्ज कर साइबर टीम ने ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

### ठगों के कई जाल

- जानी-मानी कंपनियों के नाम पर मेल।
- लोगों को फर्जी लिंक्स-मैसेज भेजकर
- गलती से पैसे भेजने फंसाने की चाल
- भावनाओं में बहकाकर जाल डालना
- पार्सल स्कैम, ड्रग्स मिलने की धमकी
- कैश ऑन डिलिवरी स्कैम के नाम पर
- 4 लाख पर दो करोड़ रिटर्न का वादा
- बिना डॉक्युमेंट के लोन मंजूरी का वादा
- केवाईसी के नाम पर लोगों को फंसाना
- सोशल मीडिया पर बदनामी का डर
- कम समय में पैसे डबल करने झूठ
- ट्रेडिंग में मोटे मुनाफा का लालच देकर

# गाय चोर को पुलिस ने दे दी माफी, पीड़ित की कौन सुने

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सीसीटीवी में कैद गाय चोरी की फुटेज।

**अमृत विचार:** थाना बारादरी पुलिस ने चोरी की गई गाय को पुलिस ने वापस तो करा दिया मगर चोरों पर खूब मेहरबानी कर रही है। न तो घटना की रिपोर्ट दर्ज की और न चोरों पर किसी तरह की कार्रवाई की। उलटा, पुलिस से शिकायत पर बौखलाए आरोपी पक्ष के दबंग लोग पीड़ित के घर में हथियार लेकर घुस गए और हत्या की धमकी दी।

बारादरी के खुर्रम गौटिया निवासी पीड़ित अमर सिंह की पत्नी रीता देवी ने कार्रवाई के लिए हिन्दू संगठनों से मदद मांगी है। रीता ने बताया कि 16 अप्रैल को उनके घर के बाहर बंधी हुई गाय चोरी हो गई है। उन्होंने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद निर्दोष राठौर ने उसे एक्स पर पोस्ट किया, और पास लगे सीसीटीवी को चेक किया तो चार लोग गाय ले जाते हुए दिखाई दिये। इसके बाद पुलिस ने गाय को रविवार को सुभाषनगर के गन्ना मील के पास से बरामद कर रीता देवी को दे दिया। आरोप है रात में 20-22 लोग उनके घर में तमंचे और लाठी लेकर घुस आए। धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ले के तमाम जुट गए। जिसके बाद आरोपी महिला को पुलिस कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। हिन्दू संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है।

# बारादरी में घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, मारपीट

**बरेली, अमृत विचार:** थाना बारादरी क्षेत्र में एक युवती के घर में घुसकर दबंग ने छेड़छाड़ की। विरोध पर मारपनीट कर हत्या की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

युवती ने बताया कि शनिवार रात तीन बजे के करीब वह अपने घर में सो रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला देवेश दरवाजे पर पहुंचा और खटखटाने लगा। दरवाजा खोलते ही वह अंदर घुस आया और गलत नीयत से पकड़ लिया। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की। मुंह दबाकर गला घोंटने की कोशिश की। पीड़िता ने कमरे में बंद होकर जान बचाई। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। युवती ने अपने मंगेतर और परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# कड़वा सच: शराब-स्मैक की कॉकटेल ने कराया था सतीपुर चौराहे पर बखेड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रात में शराब पीकर दरोगा से भिड़े युवक से स्मैक भी मिली**
- **रात में चौराहे पर जमकर चलता है नशेबाजी का दौर**
- **दरोगा ने डांटा तो नशे में लड़ गए थे शराब पीने वाले**



**अमृत विचार:** थाना बारादरी क्षेत्र के सतीपुर में एक रात पहले बावर्दी दुरुस्त सब इंस्पेक्टर हाथापाई-बदसलूकी के पीछे शराब और स्मैक का ऐसा कॉकटेल निकला कि जानकर अफसर भी हैरत में पड़ गए। चौराहे पर शाम होते ही शुरू होने वाले शराब पीने-पिलाने और स्मैक के कश खींचने के दौर रोज की बात हैं। चौकी इंचार्ज गलती से अकेले ही चेकिंग करने पहुंच गए और नशेबाजों की भीड़ में फंस गए। हाथापाई करने वाले युवक से बाद में स्मैक की बरामदगी से यह बात साबित हो रही है कि शराब के साथ ड्रग्स भी क्षेत्र में युवाओं को तबाह कर रही है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने अभी दो दिन पहले ही सैटेलाइट बस अड्डे पर कई युवकों को खुलेआम शराब पीते पकड़ा था। कप्तान और शहर कप्तान के तेवर तल्ख हुए तो शहर में पुलिस भी उसके बाद चेकिंग करती नजर आने लगी। इसी क्रम में रविवार रात सेटेलाइट चौकी पर तैनात सब इंस्पेक्टर अकेले ही संवेदनशील सतीपुर चौराहे पर चेकिंग करने पहुंच गए। वहां रोज की तरह खुलेआम शराब के पैग छलकते दिखे तो दरोगा ने नशे में हिल रहे युवक को वहां से भागने को कह दिया इतनी सी बात पर वह युवक दरोगा से भिड़ गया।

हाथापाई-हंगामा हुआ तो भीड़ जुट गई। कई नशेबाज भी उसी भीड़ का हिस्सा बन गए। आरोपी युवक को वहां से निकाल भी ले गए, लेकिन तब तक सूचना पर अतिरिक्त फोर्स आ गया।

पुलिस ने आसपास छानबीन की तो हाथापाई करने वाले युवक की पहचान रंजीत मौर्या के रूप में हुई। पुलिस टीमों ने दबिश देकर रंजीत को पकड़ लिया। सीओ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को आरोपी युवक के पास से स्मैक बरामद हुई। ऐसी जानकारी मिली है कि युवक खुद नशा करने के साथ ड्रग्स भी बेचता है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जांच की जा रही है कि स्मैक कहां से सप्लाई हुई थी?

# मामूली विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर पीटा

**बरेली, अमृत विचार:** बारादरी स्थित कांकरटोला में बाइक टकराने को लेकर शुरू हुआ झगड़ा रात में हिंसक हो गया। दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की, साथ ही महिलाओं से अभद्रता भी की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रविवार की देर शाम कांकरटोला स्थित चिराग अली शाह की मस्जिद के पास निर्माणाधीन सड़क पर खड़ी बाइक में समीर नाम के युवक ने अपनी बाइक से टक्कर मार दी। इसका विरोध जुवैर खान ने किया तो आरोपी ने दोबारा बाइक चढ़ाकर गाली-गलौज की और धमकी देकर चला गया। रात करीब 11 बजे आरोपी अपने साथियों फरमान और इमरान समेत 10-12 अज्ञात लोगों के साथ 5-6 बाइकों से जुवैर के घर पहुंचा। गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर तोड़फोड़ की और जुवैर को तलाशने लगे। इस दौरान घर की महिलाओं के साथ अभद्रता भी की गई।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

## विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणाम, फीस वृद्धि और तकनीकी खामियों पर उठाए सवाल, वीसी लापता के नारे लगाए

- परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी, को-करिकुलर विषयों में लगी बैक
- परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान विषय स्वत: बदल गए
- माइग्रेशन और प्रोविजनल डिग्री के शुल्क में वृद्धि पर विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में धरना-प्रदर्शन करते अभाविप के कार्यकर्ता व छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर सोमवार को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने नहीं होने पर एबीवीपी ने कुर्सी पर वीसी लापता का पोस्टर लगा कर नारेबाजी की। कुलपति के अनुपस्थिति में कुलसचिव हरीश चंद और परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने ज्ञापन लेते हुए समस्याओं का निस्तारण जल्द करने का आश्वासन दिया।

विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को एबीवीपी कार्यकर्ता के साथ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं पहुंचने शुरू हो गए। छात्र-छात्राओं ने परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी, को-करिकुलर विषयों में एकसमान अंक के साथ अनावश्यक बैक दिए जाने पर सवाल उठाए। इसके अलावा परीक्षा फॉर्म भरते समय विषयों के स्वतः बदल जाने और तकनीकी खामियों जैसे सर्वर धीमा होना, फॉर्म लॉक होना को भी गंभीर समस्या बताया। प्रोविजनल डिग्री और माइग्रेशन सर्टिफिकेट की बढ़ी फीस को वापस लेने, बैक पेपर शुल्क को उचित करने और लंबित परिणामों को समयबद्ध तरीके से घोषित करने की मांग की। साथ ही सिंगल विंडो सिस्टम को प्रभावी बनाने और हालिया परिणामों में पेंडिग, अवसेंट व नॉट क्लिर जैसी त्रुटियों की जांच कर सुधार की मांग रखी गई।

अभाविप प्रदेश मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा दूर दराज के परेशान छात्र-छात्राओं की कोई सुनने वाला नहीं हैं। आनंद कठेरिया ने कहा छात्रों को दिक्कत होगी तो विद्यार्थी परिषद चुप बैठने वाली नहीं है। विभाग संगठन मंत्री विकास गोला ने कहा कि विश्वविद्यालय की पारदर्शिता पर संदेह उत्पन्न हो रहा है। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो छात्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### चार सेमेस्टर में टॉप, पांचवें में फेल



फेल होने पर रोती छात्रा।

गन्ना उत्पादक महाविद्यालय बहेड़ी की बीए फाइनल की छात्रा दीपिका गंगवार ने लगातार चार सेमेस्टर में टॉप किया। लेकिन पांचवें सेमेस्टर के परिणाम में छात्रा को फेल कर दिया गया। सोमवार को विश्वविद्यालय पहुंची छात्रा कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक को अपनी समस्या बताते हुए रोने लगी। छात्रा बोली कि मेरे माता-पिता के पास इतने पैसे नहीं है कि हर विषय के लिए कॉपी चेक करवाने के लिए फीस भरें। माता-पिता कहते हैं कि पढ़ाई छोड़ कर घर बैठ जाओ लेकिन मैं पढ़ना चाहती हूं।

### प्रदर्शन के दौरान छात्रा हुई बेहोश

प्रदर्शन के दौरान एनकेबीएमजी कॉलेज चंदौसी की छात्रा डॉली कुलपति कार्यालय के सामने बेहोश होकर गिर पड़ी। छात्रा के गिरने पर अफरा-तफरी मच गई। सहयोगी छात्राओं ने छात्रा को उठाकर पानी के छीटें मार कर हवा में बैठाया। इसके बाद छात्रा की हालात सामान्य हो सकी।



छात्रा को संभालतीं साथी।

## रोजी का संकट वेंडिंग जोन में जगह देने की मांग

**बरेली, अमृत विचार:** बीते दिनों नगर निगम की ओर से चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद स्ट्रीट वेंडर्स में आक्रोश है। सोमवार को बड़ी संख्या में वेंडर्स निगम पहुंचे और अधिकारियों को व्यथा सुनाई। आरोप लगाया कि बिना किसी सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के की गई कार्रवाई ने उनके सामने रोजी-रोटी का गहरा संकट पैदा कर दिया है। वह कई दशकों से एक ही स्थान पर छोटी दुकान और ठेला लगाकर परिवार पाल रहे हैं। निगम की सख्ती ने उन्हें सड़क पर ला दिया है।

वेंडर्स ने बताया कि उनकी दैनिक आय बंद हो गई है, इससे बच्चों की शिक्षा और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। शहर को व्यवस्थित करने के नाम पर गरीबों के चूल्हे बुझाना न्यायसंगत नहीं है। वेंडर्स ने मांग की उन्हें वेंडिंग जोन में स्थानांतरित किया जाए। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि वेंडर्स की शिकायत गंभीरता से लेते हुए उस पर भी विचार किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जितेंद्र मिश्रा भाकियू (किसान) के प्रवक्ता बने



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (किसान) ने जितेंद्र मिश्रा को जिला प्रवक्ता मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने कहा कि जितेंद्र मिश्रा लंबे समय से किसानों के हितों और सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। जितेंद्र मिश्रा ने शीर्ष नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष का आभार जताया।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम नरियावल निवासी अंकित ने थाना तहरीर दी कि सोमवार को उनके पिता संतोष कुमार पैदल घर लौट रहे थे। तिरिया मोड़ के पास फरीदपुर की ओर से आ रही एक बाइक सवार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके पिता गंभीर घायल हो गए।

### गोमांस तस्करी के आरोपी शब्बीर को नहीं मिली जमानत

**विधि संवाददाता, बरेली :** हाफिजगंज क्षेत्र में गोमांस बेचने के आरोपी शब्बीर कुरैशी को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय-1) राघवेन्द्र मणि ने आरोपी की जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया। सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव के अनुसार, दिसंबर 2025 में पीआरवी 112 की सूचना पर रिठौरा बाजार से शब्बीर को 6 किलो मांस के साथ पकड़ा गया था।

### पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर 9.98 लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के ऑफिसर इन्क्लेव में रहने वाले उमा शंकर पांडेय ने बताया कि नौ अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन कर वाले ने उन्हें बताया कि सीनियर सिटीजन पेंशन के लिए कार्ड बनाना है। इसके बाद उन्होंने उमा शंकर पांडेय को एक लिंक भेजा। जैसे ही उन्होंने लिंक को क्लिक किया। उनका मोबाइल फोन साइबर ठग ने हैक कर लिया। इसके बाद ठगों ने उनके एकाउंट से दो बार में 9.98 लाख रुपये उड़ा दिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बसअड्डे पर टोटियां और पंखे ठीक करने पहुंचे कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरएम ने संज्ञान लेकर अव्यवस्था ठीक कराकर एआरएम से मांगा जवाब
- पुराने बस अड्डे पर टोटियां में नहीं था पानी, पंखे नहीं चलने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**अमृत विचार :** पुराने बस अड्डे पर टोटियों में पानी नहीं और पंखे खराब होने की खबर का संज्ञान लेते हुए आरएम ने एआरएम से जवाब मांगकर कमियां दूर कराने को कहा। सोमवार को कर्मचारी कमियां ठीक करने के लिए पहुंचे। कुछ जगह पर पानी की टंकी को ठीक करा दिया गया है। बाकी का काम मंगलवार को किया जाएगा।

पुराना रोडवेज बस अड्डा अव्यवस्थाओं का अड्डा बन गया है। गर्मी में यात्रियों के लिए न तो ठंडे पानी का इंतजाम है और न ही पंखे ठीक है। अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेकर आरएम दीपक चौधरी ने एआरएम संजीव श्रीवास्तव से अव्यवस्था ठीक कराकर जवाब मांगा।

सोमवार को पुराने बस अड्डे की स्टेशन इंचार्ज लक्ष्मी राठौर ने बताया कि कर्मचारियों को पानी की टंकी और पंखे ठीक कराने के लिए बुलाया गया था। उनके कार्यालय के बाहर वाली टंकी को ठीक करा दिया गया है। बाकी का काम कर्मचारी मंगलवार को करेंगे।

## मौलाना शहाबुद्दीन बोले, ज्ञानवापी कयामत तक रहेगी मस्जिद

**बरेली, अमृत विचार:** पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने पिछले दिनों कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद कलंक है और इस पर हम भगवा झंडा लहराएंगे। उनके इस बयान पर आल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद है। मस्जिद की दीवार और गुम्बद पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री कयामत तक भगवा झंडा नहीं लहरा सकते। बहुसंख्यक समुदाय के लोगों को न उकसाएं। दूसरी बात यह है कि मस्जिद को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। अदालत जो भी फैसला करेगी, वो सबके लिए मान्य होगा। मौलाना ने कहा कि मैं शरियत का नजरिया स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी मंदिर तोड़कर मस्जिद नहीं बनाई जा सकती।

## 1072 करोड़ के प्रस्ताव पर आज लगेगी बोर्ड की मुहर

- महापौर उमेश गौतम की अध्यक्षता में दोपहर साढ़े तीन बजे सदन में रखा जाएगा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम के वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 1072 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट पर मंगलवार को अंतिम फैसला होगा। महापौर उमेश गौतम की अध्यक्षता में दोपहर साढ़े तीन बजे निगम में आयोजित बोर्ड बैठक में प्रस्तावित बजट को अंतिम मंजूरी दी जाएगी।

बीते दिनों हुई कार्यकारिणी की बैठक में समिति ने शहर की बुनियादी सुविधाओं, सफाई व्यवस्था और सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए 1072 करोड़ के बजट को हरी झंडी दी थी। बजट में शहर के सौंदर्यीकरण, जल निकासी व्यवस्था, आधुनिक स्ट्रीट लाइटों और वार्डों में सड़क निर्माण के लिए बड़ी धनराशि आवंटित की गई है। इसके अलावा, स्वच्छता मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई मशीनों की खरीद और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया जा सकता है। बोर्ड बैठक में बजट पर चर्चा के दौरान कुछ संशोधनों की संभावना जताई जा रही है, हालांकि कार्यकारिणी की सहमति के बाद इसे पारित करने में किसी बड़ी बाधा की उम्मीद नहीं है। बैठक में बजट के अलावा शहर की अन्य ज्वलंत समस्याओं जैसे आवारा पशुओं के नियंत्रण और जाम से मुक्ति दिलाने वाली यातायात योजनाओं पर भी चर्चा संभव है। नगर आयुक्त और अन्य विभागीय अधिकारियों को इस बैठक में विशेष निर्देश दिए जा सकते हैं ताकि विकास कार्यों में देरी न हो।




बैठक करते समाजवादी पार्टी के सभासद। ● अमृत विचार

### नगर निगम बोर्ड की बैठक को लेकर सपा ने बनाई रणनीति

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम बोर्ड की बैठक को लेकर समाजवादी पार्टी पार्षद दल ने रणनीति तैयार की। पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना की अध्यक्षता और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जनसमस्याओं को लेकर मुखर रहने का संकल्प लिया गया। पार्षदों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएं। बैठक में राजेश अग्रवाल, पंडित दीपक शर्मा और आरिफ कुरैशी, अब्दुल कयूम मुन्ना, सलीम पटवारी, अलीम सुल्तानी, अब्दुल सलीम एड., मो. शाकिर, गुलबशर अंसारी समेत अनेक पार्षद व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### मेक माई ट्रिप बरेली ब्रांच का मेयर ने किया उद्घाटन



**बरेली, अमृत विचार :** शहर में ट्रैवल सेवाओं को नई दिशा देते हुए मेक माई ट्रिप के बरेली ब्रांच का आरंभ मेयर उमेश गौतम ने फीता काटकर किया। यह नया कार्यालय ट्यूलिप टावर में स्थापित किया गया है। बरेली ऑफिस की संचालिका टीना भसीन ने बताया कि लोगों को फ्लाइट, ट्रेन, होटल बुकिंग और हॉलिडे पैकेज जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मेक माई ट्रिप का उद्देश्य ग्राहकों को सरल, सुरक्षित और किफायती यात्रा सेवाएं प्रदान करना है। नया कार्यालय के खुलने से बरेली और आसपास के लोगों को बेहतर ट्रैवल प्लानिंग में सुविधा मिलेगी।

### अस्थाई कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि व सेवा नियमावली के लिए सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के अस्थाई कर्मचारियों ने सोमवार को वेतन 20 हजार रुपये मासिक करने, सेवा नियमावली बनाने तथा कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग को लेकर प्राचार्य प्रो. ओपी राय के अनुपस्थिति में उप प्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि समाधान न होने पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। सचिव हरीश मौर्य ने खाली पदों पर समायोजन की मांग रखी। इस दौरान संजीव पटेल, सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पूरनलाल मसीह, भीकम सिंह, राजाराम, श्रीराम, सूर्य प्रकाश शर्मा, अरविंद यादव, विशाल, गंगा प्रसाद, रामपाल, वली अहमद आदि मौजूद रहे।

### बाल रामायण मानव मूल्यों की करती है स्थापना




**बरेली, अमृत विचार :** अशोक नगर स्थित राजकुमारी इंटर कॉलेज में आयोजित बालसभा में बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने बताया कि राम के प्रति भक्ति सनातन संस्कृति का केंद्रीय भाव है। कहा कि श्रीराम छोटे-बड़े, धनी-निर्धन, बाल-युवा एवं वृद्ध सभी को अपने सद्कार्यों से आकर्षित करते हैं। आज के समाज को नैतिक मूल्यों से जोड़ने और आदर्शमयी भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए नई पीढ़ी को उनके जीवन चरित्र से परिचित कराना आवश्यक है। सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व हनुमान चालीसा की प्रतियां भेंट की गई। अध्यापक-अध्यापिकाओं को बाल रामायण की प्रति भेंट कर तथा श्रीराम पटका पहनाकर सम्मानित किया। उप प्रधानाचार्य अर्जुन गौड़, सहायक अध्यापिका संध्या सिंह, संजीव कुमार वर्मा, कैलाशपति कश्यप, विवेक कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार, लक्ष्मी यादव आदि उपस्थित रहे।

### लंका दहन से रावण वध तक के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन




**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में चल रही श्री राम कथा के नौवें दिन सोमवार को आचार्य शंभू नाथ योगी महाराज ने सुंदरकाण्ड, लंकाकाण्ड और उत्तरकाण्ड के प्रमुख प्रसंगों का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुग्रीव की ओर से भेजे गए वानर दल को संपाति गिद्ध से सीता के लंका स्थित अशोक वाटिका में होने की जानकारी मिली। जामवंत के प्रेरित करने पर हनुमान ने समुद्र लांघकर लंका पहुंचकर विभीषण से भेंट की। हनुमान जी ने अशोक वाटिका में माता सीता को श्रीराम की मुद्रिका सौंपी। इसके बाद अशोक वाटिका विध्वंस और रावण दरबार में प्रस्तुति के प्रसंग को भावपूर्ण ढंग से सुनाया गया। हनुमान द्वारा लंका दहन, रावण वध से लेकर श्रीराम के अयोध्या लौटने और राज्याभिषेक के प्रसंग सुनाए। मंदिर ट्रस्ट के महेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## लोगों को जकड़ रहा डायरिया और बुखार

- सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे 2 हजार से अधिक मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने को जुटे मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के बाद बुखार-डायरिया के मरीज बढ़ने लगे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में दो हजार से अधिक मरीज पहुंचे। बच्चा वार्ड में भी बुखार-डायरिया से पीड़ित 25 बच्चे भर्ती हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में दोपहर 2 बजे के बाद भी भीड़ लगी रही।

सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 2060 मरीजों का पंजीकरण हुआ जिसमें बुखार, उलटी-दस्त, सीने में जकड़न और त्वचा के मरीजों की संख्या अधिक रही। पर्चा काउंटर से लेकर दवा लेने और डाक्टर को दिखाने के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। तापमान में लगातार बढ़ोतरी से बुखार के साथ पेट दर्द, उलटी, दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड में 28 बेड हैं और सोमवार को 25 बच्चे भर्ती थे।

इसमें 23 बच्चे बुखार, डायरिया, उलटी-दस्त से पीड़ित हैं। दो बच्चों को वायरल बुखार है। ओपीडी में भी 112 बीमार बच्चों को लेकर परिजन पहुंचे। इसमें दो बच्चों की हालत गंभीर देखकर उनको भर्ती कर लिया गया। जिला अस्पताल के कक्ष संख्या 5 में सोमवार को चेस्ट फिजिशियन की जगह इंटर्नशिप करने आए मेडिकल कालेज के जूनियर डॉक्टर मरीज देख रहे थे। जिसकी मरीजों ने एडीएसआईसी से शिकायत की। सोमवार को अस्पताल की ओपीडी के अलावा सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग मरीजों के लिए शिविर लगाया गया।

## श्री सिद्धिविनायक इंस्टीट्यूट में एलुमनाई मीट व सम्मान समारोह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** श्री सिद्धिविनायक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, बरेली द्वारा कोनेक्सियंस – एलुमनाई मीट एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य कॉर्पोरेट अपेक्षाओं और शैक्षणिक अधिगम के मध्य सेतु स्थापित करना तथा पूर्व छात्रों के साथ आत्मीय संबंधों को पुनर्सुदृढ़ करना था। 170 से अधिक पूर्व छात्रों की सहभागिता ने इस आयोजन को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का आरंभ कार्यकारी निदेशक सिमरन कपूर ने किया। स्वागत उद्बोधन डीन सुधाकर जैन ने किया। डॉ. विमल, नवीन चौधरी, देवेंद्र उपाध्याय, अभिनव सक्सेना, डॉ. एच. एस. गंगवार, डॉ. मिली सहगल, डॉ. सोनल, डॉ. ममता एवं डॉ. डेनियल की मौजूदगी रही।



कार्यक्रम में पुराने छात्रों का होता सम्मान। ● अमृत विचार

## जीएसटी के नियमों में उलझे छोटे व्यापारी, कारोबार प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जटिल नियम और बढ़ता कंप्लायंस बोझ बना मुसीबत

**अमृत विचार :** जीएसटी लागू होने के बाद व्यापारियों को पारदर्शिता और आसान कर प्रणाली की उम्मीद थी लेकिन जटिल नियम और बढ़ता कंप्लायंस बोझ मुसीबत बनता जा रहा है। रिटर्न फाइलिंग, ई-इनवॉइसिंग और समय-समय पर बदलते नियमों ने छोटे दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, जिससे उनके मुनाफे पर असर पड़ रहा है।

छोटे व्यापारियों का कहना है कि उन्हें कारोबार संभालने के साथ-साथ अब तकनीकी प्रक्रियाओं को भी समझना पड़ रहा है। कई दुकानदारों को जीएसटी पोर्टल, रिटर्न फाइलिंग और टैक्स कैलकुलेशन के लिए अलग से अकाउंटेंट रखना पड़ रहा है, जिससे खर्च बढ़ गया है। इसके अलावा, समय पर रिटर्न दाखिल न करने पर जुर्माना और नोटिस का डर भी बना रहता है। व्यापारियों के अनुसार, ई-इनवॉइस और ई-वे बिल जैसी व्यवस्थाएं बड़े कारोबारियों के लिए तो सुविधाजनक हो सकती हैं, लेकिन छोटे दुकानदारों के लिए यह अतिरिक्त बोझ जैसा बन गई हैं।

किराना व्यापारी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि पहले उनका काम सीधा-सादा था, लेकिन अब हर महीने रिटर्न भरना पड़ता है। अकाउंटेंट की फीस अलग देनी पड़ती है, जिससे मुनाफा घट रहा है। कपड़ा व्यापारी सलीम खां ने बताया कि ई-इनवॉइस और ऑनलाइन प्रक्रिया हमारे जैसे छोटे व्यापारियों के लिए कठिन है।

सरकार को छोटे कारोबारियों के लिए नियम आसान करने चाहिए। वहीं, विभाग का कहना है कि छोटे व्यापारियों को प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों से मदद की जाएगी।

## ...नहीं बदली मजदूरों की किस्मत

- करीब दो लाख मजदूरों के सामने संकट, मटेरियल का भी 54 करोड़ का बकाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एक गांव में कार्य करती महिलाएं। (फाइल फोटो)। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर 'वीबी जी रामजी' कर दिया, लेकिन यह बदलाव मजदूरों के चूल्हे जलाने में नाकाम साबित हो रहा है। शासन की ओर से इस नई योजना को लेकर अब तक कोई स्पष्ट गाइडलाइन जारी नहीं की है। इससे कार्ययोजनाएं ठप पड़ी हैं। खड़ंजा, नाली, आंगनबाड़ी केंद्र और खेल मैदान जैसे 266 प्रकार के कार्यों पर पूरी तरह से ब्रेक लगा हुआ है।

बीते दिनों मनरेगा में नाम के बदलाव के साथ ही दावा किया गया था कि योजना में कार्य दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी है, प्रशासनिक मद को भी छह से बढ़ाकर नौ प्रतिशत किया है, लेकिन धरातल पर यह दावे पूरी तरह खोखले नजर आ रहे हैं। जनपद में करीब दो लाख सक्रिय मनरेगा मजदूर काम की आस में बैठे हैं, मगर नई वित्तीय कार्ययोजना न बनने से उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस वित्तीय वर्ष में अभी तक एक भी नया काम शुरू नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमराने लगी है।

- वीबी जी रामजी योजना के फेर में फंसी आठ जनवरी से मजदूरों की मजदूरी
- शासन से निर्देश जारी न होने से विकास खंडों में नहीं बन पा रहीं कार्ययोजनाएं

> वीबी-जी-रामजी को लेकर शासन से कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। उम्मीद है जल्द ही नई गाइडलाइन आएगी, इसके बाद ही कार्ययोजना बनाकर काम शुरू कराया जा सकेगा।
> – मो. हसीब अंसारी, डीसी मनरेगा

वहीं, मजदूरों की बदहाली का आलम यह है कि 8 जनवरी से उनके खातों में कोई भुगतान नहीं पहुंचा है। हजारों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मजदूरी ही नहीं, बल्कि वर्ष 2025-26 के मटेरियल भुगतान का करीब 49 करोड़ रुपया भी अटका हुआ है। काम कराने वाले वेंडर्स और प्रधान भुगतान के इंतजार में कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

### पूर्व जिला जज घनश्याम पाठक को मिली पीएचडी की उपाधि



**बरेली, अमृत विचार :** न्यायिक जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने 68 वर्ष की परिपक्व आयु में इंवर्टिस विश्वविद्यालय से विधि (लॉ) में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. पाठक के शोध का विषय 'भारत में बच्चों के अधिकारों का संरक्षण और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट-2015' रहा।

### गज ग्रीन चैलेंजर्स सेमीफाइनल में

**बरेली, अमृत विचार :** निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब में सोमवार को तायबा गारमेंटर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। गज ग्रीन चैलेंजर्स ने 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए। आशीष दुबे ने 44, शुभम कौशिक ने 40 रन बनाए। तायबा गारमेंट्स की टीम 19.1 ओवरों में 116 रन बना सकी। अंकित सिंह ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। गज ग्रीन चैलेंजर्स के गेंदबाज शुभम शर्मा ने 3 और जॉनी ने 2 विकेट हासिल किए। मैन ऑफ द मैच आशीष दुबे को चुना गया।

# परशुराम शोभायात्रा में उमड़ी आस्था

## तुलसी स्थल अलखनाथ मंदिर से निकली झांकियां, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परशुराम जनोत्सव सोमवार को भी मनाया गया। परशुराम युवा मंच की ओर से भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा तुलसी स्थल अलखनाथ मंदिर से शुरू होकर किला चौकी, साहूकारा, थाना किला, बड़ा बाजार, घंटाघर चौराहा, कोतवाली, नावेल्टी चौराहा होते हुए सिविल लांइस स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। यहां आरती के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में एटा से आईं गणेश, शिव-पार्वती परिवार, लक्ष्मी नारायण, हनुमान, श्रीराम परिवार, काली अखाड़ा, भगवान परशुराम और राधा-कृष्णा, महाकाल एवं जगन्नाथ जी की झाकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मथुरा से बैंड और चंदौसी का महाकाल बैंड भी शोभायात्रा में शामिल रही। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। परशुराम युवा मंच अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि शोभा यात्रा का उद्देश्य भगवान परशुराम के आदर्शों व समाज में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।



शोभयात्रा में उत्साह व्यक्त करते आयोजक व श्रद्धालु। • अमृत विचार

• शोभयात्रा में भक्ति गीतों से गूंज उठे मार्ग



### कांग्रेसियों ने बरसाए पुष्प

**बरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने परशुराम शोभायात्रा का स्वागत किया। कांग्रेस नेता मुजाहिद ख़ान, पारस शुक्ला, अजय शुक्ला, महेश पंडित, जुबैर ख़ान, रिजवान, शिवांश शर्मा, क़ादिर ख़ान, अयान ख़ान, फ़िरोज़ ख़ान, यासिन, मुन्ना एवं अवनीश चौबे शामिल रहे।

### श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में मना जन्मोत्सव



**बरेली, अमृत विचार :** महानगर स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में सोमवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। धर्मनिष्ठ हरिश्चंद्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में आचार्य वीरेश गौड़ महाराज ने पूजा अर्चना करवाई। पंडित दुर्गेश गौड़, ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, सुधीर उपाध्याय, हेमंत शर्मा, नरेश शर्मा, सोम पाल शर्मा, गिरिजा किशोर गुप्ता, अजय शर्मा, प्रमोद कुमार अग्रवाल, राजेश शंखधार, एकदत्त गौड़, विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संस्कृति, संस्कार और सरोकार ज्ञान गंगा बहा रहा अमृत विचार



## मनोहर भूषण इंटर कॉलेज

**बरेली, अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में सोमवार को अमृत विचार की टीम पहुंची। टीम में शामिल रुपेन्द्र मौर्य और अनुपम सक्सेना ने छात्रों को बताया कि अखबार कैसे प्रकाशित होता है। कक्षा 10 के छात्र विक्रांत शर्मा ने प्रार्थना सभा में अमृत विचार पढ़कर सुनाया जिससे छात्रों में अखबार पढ़ने की प्रावृत्ति जागृत हुई। अखबार को करियर के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा. मनोज कुमार, शिक्षक डा. गौरी शंकर, श्री कुमार, पारस, मुकेश कुमार पाल, अमित कुमार गोयल, गुरुदेव मिश्रा के अलावा छात्र नैतिक, प्रियांश, अंश राठौर, अभय शर्मा, चमनप्रीत, ध्रुव रस्तोगी भी मौजूद रहे।



मनोहर भूषण इंटर कॉलेज अमृत विचार अखबार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अमृत विचार की टीम का विद्यालय में आकर छात्रों को अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित करना बच्चों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

– **डा. मनोज कुमार**, प्रधानाचार्य

## अखबार पढ़ने को दिनचर्या में शामिल करने का लिया संकल्प

बरेली, अमृत विचार : कांति कपूर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में सोमवार को प्रार्थना स्थल पर छात्राओं को अखबार पाठन मुहिम के तहत अमृत विचार पाठन कराया गया। छात्राओं ने अखबार पढ़ने को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। छात्रा गरिमा गंगवार ने मंच से छात्राओं को समाचार पत्र पढ़कर सुनाया। गरिमा गंगवार ने कहा कि हमे ज्ञानवर्धक जानकारी मिलती है। जो हमें भविष्य की प्रतियोगी परिक्षाओं में सहायक होगी। छात्रा निष्ठा गंगवार, अवनी पंडित, आरोही शर्मा, वैशाली गंगवार, आराध्या गंगवार, प्रियांशी मौर्य, नैना बाजपेयी, वंशिका आदि ने अखबार छपने की जानकारी हासिल की। नमृता अखंड, प्रिया सक्सेना, भावना शर्मा, निधि शर्मा, मधु शर्मा, राखी सक्सेना, लवी गौड, ज्योति अग्रवाल, विभा ने भी अखबार से होने वाले लाभ बताए।



अखबार के नियमित पाठन से हमें क्षेत्र, देश, विदेश के विषय में वह जानकारी प्राप्त होती है जो सहायक सिद्ध होती है। अखबार के सम्पादकीय पढ़ने से हमें विभिन्न विषयों की जानकारी मिल जाती है। जबकि अलग अलग विषय की जानकारी लेने के लिए हमें अलग-अलग पुस्तक लेनी पड़ती है। अमृत विचार की इस मुहिम बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर होगी।

–**अर्चना गहलोत**, प्रधानाचार्य



अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com

# विद्यार्थियों ने विरासत संरक्षण का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित रचनात्मक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने चित्रकला, पोस्टर और रंगोली के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त किया। शिका वर्मा, उमा यादव और सुधांशु गंगवार ने सोमनाथ मंदिर पर आधारित आकर्षक रंगोली बनाई। उनकी रंगोली हमारी विरासत, हमारी जिम्मेदारी शीर्षक के साथ विशेष रूप से सराही गई। वंदना, प्रिंसी और वैश्नवी पटेल ने पोस्टर निर्माण में मंदिर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को उकेरा। उनके पोस्टर में सरदार वल्लभभाई पटेल के साथ सोमनाथ मंदिर का संयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। नोडल अधिकारी डॉ. प्रेम पाल सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं में भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. रामबाबू सिंह, डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी, विमल कुमार और रश्मि रंजन सहित अन्य शिक्षकों व शोधार्थियों की उपस्थिति रही।



पोस्टर दिखाती शिक्षा संकाय की छात्राएं। • अमृत विचार

• चित्रकला, पोस्टर व रंगोली के माध्यम से उभरी सांस्कृतिक चेतना

# रिश्वत नहीं, सरकारी जमीन पर कब्जे का था विवाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पार्षद छंगामल मौर्य पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाने वाले दुकानदारों के दावों की हवा निकलती नजर आ रही है। सोमवार को छंगामल मौर्य के समर्थन में पार्षदों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की, जिसके बाद निगम का 16 अप्रैल को जारी वह आदेश सार्वजनिक हुआ, जिसमें स्पष्ट लिखा है कि राजकुमार और चिम्मन लाल मौर्य ने सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पक्का निर्माण कर कब्जा कर रखा है।

राजस्व विभाग की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, खेमा देवी को आवंटित भूमि के समीप करीब 414 वर्ग फुट क्षेत्र पर इन लोगों ने अवैध रूप से मेडिकल स्टोर और चाय की दुकान बना रखी है। इसे खाली कराने के लिए 18 अप्रैल निर्धारित की गई थी। नगर आयुक्त से छंगामल ने कहा कि जब नगर निगम ने अवैध कब्जे के चलते दुकानों पर ताले डाले, तो उनको निशाना बनाया गया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की विधिक प्रक्रिया का है।

• पार्षद छंगामलल पर आरोप लगाने वाले दुकानदार निकले अतिक्रमणकारी

# इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज सम्मानित



प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परारी डेंटिस्ट्री में दंत चिकित्सा क्षेत्र की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया गया।

डॉ. सत्यजीत नाइक एन को प्रतिष्ठित अकादमिक लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं, इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज को ग्रामीण क्षेत्रों में दंत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सराहनीय योगदान के लिए रूरल सर्विस अवार्ड से नवाजा गया। डॉ. शाम्भवी श्रीवास्तव को उनके शोध पत्र बरेली के ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस रोगियों के प्रबंधन में विभिन्न तेलों द्वारा ऑयल पुलिंग के प्रभावः एक रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड स्टडी के लिए द्वितीय स्थान प्रदान किया गया। वहीं डॉ. अंजली गुप्ता को उनके शोध पत्र बरेली के वयस्कों में जिंजिवाइटिस एवं डेंटल प्लाक पर माउथवॉश के प्रभावः एक रैंडमाइज्ड क्लिनिकल ट्रायल के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. अंकिता जैन, डॉ. प्रदीप तंगड़े और डॉ. नीलिमा जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अक्षय तृतीया से खिले व्यापारियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर महंगाई को मात देते हुए सर्राफा बाजार गुलजार रहा। शहर के चौपुला रोड स्थित राम कुमार ज्वेलर्स में खासा उत्साह देखने को मिला, जहां ग्राहकों की सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ी।

राम कुमार ज्वेलर्स के मालिक राघव अग्रवाल ने बताया कि प्रतिस्ठान का स्वर्णिम 100 वर्ष पूरे होने का भी जश्न मनाया गया। एक सदी से प्रतिष्ठान अपने ग्राहकों को शुद्धता, विश्वास और उत्कृष्ट कारीगरी प्रदान करता आ रहा है। बदलते समय के साथ यहां पारंपरिक आभूषणों के साथ आधुनिक डिजाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई जा रही है। इस बार ग्राहकों, विशेष रूप से महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। भारी और पारंपरिक सेट्स की तुलना में हल्के आभूषणों की मांग अधिक रही। सोने की चेन, अंगूठी और छोटे डिजाइन वाले जेवरों को ग्राहकों ने ज्यादा पसंद किया। महंगाई के बावजूद अक्षय तृतीया का उत्साह कम नहीं दिखा। ग्राहकों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी, जिसने इस खास मौके को और भी यादगार बना दिया।

• राम कुमार ज्वेलर्स के स्वर्णिम 100 वर्ष पूरे, ग्राहकों का भरोसा कायम



रंगीलाल गिरीश कुमार ज्वैलर्स में खरीदारी करते ग्राहक। • अमृत विचार

### ग्राहकों में दिखा भारी उत्साह, रात तक लगी रही दुकानों पर भीड़

**बरेली, अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर रंगीलाल गिरीश कुमार ज्वैलर्स में उत्साह, विश्वास और समृद्धि का विशेष माहौल देखने को मिला। इस शुभ दिन पर बड़ी संख्या में ग्राहकों ने आभूषणों की खरीदारी कर परंपरा को जीवंत बनाया। विशेष रूप से सोने के सिक्कों की खरीद ने लोगों के बीच निवेश के प्रति जागरुकता और भविष्य की सुरक्षा का संदेश दिया। दुकान पर ग्राहकों के चेहरे पर खुशी और संतोष की झलक साफ दिखाई दी, जिसने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। ज्वेलर्स प्रबंधन ने सभी ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर ग्राहकों को बेहतर सेवा और आकर्षक विकल्प प्रदान किए गए।

# जेपीएम की रोमांचक और बेदी की एकतरफा जीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

**अमृत विचार :** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-7 के छठवें दिन सोमवार को दो मुकाबले हुए।

पहले मैच में जेपीएम पब्लिक स्कूल की टीम 15.3 ओवर में 119 रन ही बना सकी। हार्टमैन कॉलेज के बल्लेबाजों ने पहले विकेट की साझेदारी में आठ ओवर में 53 रन बना लिए। इसके बाद जेपीएम के गेंदबाजों ने लगातार विकेट निकाल कर मैच को रोमांचक मोड़ पर पहुंचा दिया। आखिरकार जेपीएम पब्लिक स्कूल ने दो रन से जीत हासिल की। दूसरे मैच में बेदी की सटीक गेंदबाजी के आगे डीपीएस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 136 रन बना सकी। बेदी की टीम ने 14वें ओवर में 140 रन कर मैच जीत लिया। टूर्नामेंट के ऑर्गनाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट डा. प्रभाकर गुप्ता और डिप्टी सेक्रेटरी इंजीनियर निपुन पांडेय ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की।




खिलाड़ी को ट्राफी देते आयोजक।

• श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

# बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में जागरुकता अभियान समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित बहुदिवसीय जागरंकता अभियान का समापन अत्यंत उत्साह और प्रभावशीलता के साथ किया गया। इस अभियान के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, अधिकारों एवं सामाजिक जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत स्कूटी रैली, पद यात्रा, मानव श्रृंखला, हस्ताक्षर अभियान तथा जागरूकता व्याख्यान जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में संकाय सदस्य सुजाता कटियार, मुस्कान मलिक, गुलफशां सैफी, उपासना यादव, श्रेया भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार और अकादमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ शर्मा की सक्रिय एवं गरिमामयी उपस्थिति रही।संस्थान के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करते हैं। अंत में विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने पूरे अभियान की सराहना की।



रैली निकालते छात्र-छात्राएं।

• अभियान के तहत स्कूटी रैली, पद यात्रा, मानव श्रृंखला, हस्ताक्षर अभियान के तहत हुए कार्यक्रम

# वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने संभाला पदभार



**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल में शनिवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव के तहत महेश यादव (आईआरटीएस) ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। शनिवार को आयोजित इस औपचारिक कार्यक्रम में निवर्तमान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने उन्हें पदभार सौंपा। वर्ष 2013 बैच के इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस (आईआरटीएस) अधिकारी यादव एक अनुभवी और कुशल प्रशासक के रूप में जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में मुरादाबाद मंडल में वाणिज्यिक सेवाओं, यात्री सुविधाओं और सेवा गुणवत्ता में और सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

# महिला सशक्तिकरण में वित्तीय साक्षरता अहम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग स्थित प्रो. एसबी सिंह ऑडिटोरियम में सोमवार को शैक्षणिक उपाधियों से आगेः वित्तीय साक्षरता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण विषय पर थॉट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने भाग लेकर आर्थिक आत्मनिर्भरता को महिला सशक्तिकरण की आधारशिला बताया।

प्रो. अर्चना गुप्ता ने कहा कि केवल डिग्री पर्याप्त नहीं, बल्कि महिलाओं का वित्तीय रूप से सक्षम होना समय की मांग है। प्रो. शोभना सिंह ने मिशन शक्ति के तहत चल रही योजनाओं की जानकारी दी। पुष्पलता गुप्ता ने स्वयं सहायता समूहों के जरिए आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयास साझा किए। अमिता अग्रवाल ने बताया कि उनके संस्थान की बड़ी सप्लाई स्वयं सहायता समूहों से होती है। जिससे महिलाओं को रोजगार और सम्मान मिल रहा है। नेहा साहनी ने ऑनलाइन लेन-देन में सतर्कता बरतने की जरूरत बताई। डॉ. सीमा सिंह ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर खर्च की कमी को चिंता का विषय बताया। खेल जगत से आईं शालिनी गोयल ने कहा कि सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ अवसरों तक समान पहुंच है। रामनदीप कौर ने 50-30-20 फॉर्मूले के जरिए संतुलित वित्तीय प्रबंधन पर जोर दिया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक नारी शक्तिः सोच से सम्मान तक का मंचन भी हुआ। जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। प्रो. अनीता त्यागी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन सम्मान व प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।




कार्यक्रम को सम्बोधित करतीं शिक्षाविद। • अमृत विचार

• एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विचार मंच पर विशेषज्ञों ने आत्मनिर्भरता को बताया जरूरी

आवश्यकता है
• नर्स ANM/GNM
• पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
• आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
• रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
• वार्ड बॉय/वार्ड आया
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497